प्रादेशिक समाचार
02.12.2024 (दोपहर—1455 बजे)

संसद के दोनों सदनों में आज लगातार पांचवें दिन विभिन्नि मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण कामकाज में रूकावट आई। दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थोगित कर दी गई है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने संसद के कामकाज में रूकावट डालने के लिए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। संसद के बाहर आज संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर लोकतंत्र में विश्वास न रखने का आरोप लगाया।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज राज्य की विधि— व्यवस्था और विकास के मुद्दों को लेकर प्रोजेक्ट भवन में वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों पर भी चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री इस सिलसिले में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे सकते हैं।

******************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हो गयी है। पीएमएलए की विशेष अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। गौरतलब है कि 15 मई को ईडी ने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। वे गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद हैं।

******************

प्रदेश भाजपा नेताओं की दिल्ली में कल केन्द्रीय नेतृत्व के साथ महत्वपूर्ण बैठक होगी। बैठक में झारखंड विधानसभा चुनाव में पार्टी के असंतोषजनक प्रदर्शन पर चर्चा होगी। इससे पहले 30 नवंबर और एक दिसंबर को रांची में प्रदेश भाजपा की बैठक में चुनाव परिणाम की समीक्षा की गयी। बैठक के बाद प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र राय ने कहा कि पार्टी आगे भी व्यापक दृष्टिकोण लेकर काम करती रहेगी।

******************

राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी माणिक लाल हेंब्रम को झारखंड विधानसभा का प्रभारी सचिव बनाया गया है। इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। माणिक लाल हेंब्रम पहले झारखंड विधानसभा में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे, और उनके उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर उन्हें यह महत्वपूर्ण पद सौंपा गया है।

******************

उपराजधानी दुमका में संताल परगना स्थापना दिवस और सोहराय पर्व बनाने की तैयारी शुरू हो गई है।

******************

पिछले आठ महीनों के दौरान देश की कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों से कुल कोयला उत्पादन 11 करोड 20 लाख टन से अधिक हो गया है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत अधिक है।

******************

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि नरेन्द्र  मोदी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सस्ता और सुलभ बना रही है। आज नई दिल्ली में उन्होंने मीडिया को बताया कि देश में वर्ष 2014 में 387 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन एक दशक में इनकी संख्या दोगुनी होकर 780 हो गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 12 करोड़ परिवारों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है और इसे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को भी उपलब्ध कराया गया है।

******************

झारखंड में पोलियो मुक्त स्थिति को बनाए रखने के लिए उच्च जोखिम वाले सात जिलों में  8 दिसंबर से पोलियो प्रतिरक्षण अभियान चलाया जाएगा। इन जिलों में बोकारो, देवघर, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़, रामगढ़ और साहेबगंज शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के लिए अलग— अलग अधिकारियों को नामित करते हुए अभियान को सफल बनाने की जिम्मेवारी दी है।